Roll No.----------------------

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 6 | 6 | 7 |

(To be filled in the OMR Sheet)

O.M.R. Serial No. | | | | | | | |

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
**Question Booklet No.**

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
**Question Booklet Series**
**A**

# LL.B (First Semester) Examination, April-2022

## LL.B 102

## Law of Contract

**(For Regular, Ex & Back Paper Students)**

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश :** –
1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**667**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. Which one of the following section define the word 'contract' under Indian contract Act 1872 ?

(A) Section 2 (a)

(B) Section 2 (b)

(C) Section 2 (c)

(D) Section 2 (h)

1. निम्नलिखित में से कौन सी धारा भारतीय संविदा विधि 1872 के अंतर्गत शब्द 'संविदा' को परिभाषित करती है ?

(A) धारा 2 (क)

(B) धारा 2 (ख)

(C) धारा 2 (ग)

(D) धारा 2 (ज)

2. Proposal defined under section :

(A) Section 2 (a)

(B) Section 2 (b)

(C) Section 2 (c)

(D) Section 2 (d)

2. प्रस्ताव शब्द को परिभाषित किया गया है :

(A) धारा 2 (क)

(B) धारा 2 (ख)

(C) धारा 2 (ग)

(D) धारा 2 (घ)

3. Proposal may be :

(A) Oral

(B) Written

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

3. प्रस्ताव हो सकता है :

(A) मौखिक

(B) लिखित

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

4. Which one of the following case is related to the communication of the proposal ?

(A) Lalman Shukla V. Goridutt

(B) Satyavrat Ghosh V. Mugniram

(C) Krel V. Henry

(D) None of the above

4. निम्नलिखित में से कौन सा वाद प्रस्ताव की संसूचना से सम्बन्धित है ?

(A) लालमन शुक्ला बनाम गौरीदत्त

(B) सत्यव्रत घोष बनाम मुगनीराम

(C) क्रेल बनाम हेनरी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. Indian Contract Act came into force :

(A) $10^{th}$ December 1880

(B) $11^{th}$ January 1872

(C) $1^{st}$ October 1872

(D) $1^{st}$ September 1872

6. Agreement defined under section :

(A) Section 2 (c)

(B) Section 2 (h)

(C) Section 2 (a)

(D) Section 2 (e)

7. How many chapters are in Indian contract Act 1872 ?

(A) 11 Chapters

(B) 12 Chapters

(C) 13 Chapters

(D) 21 Chapters

8. Which one of the following case is related with ‘Invitation to offer(Proposal)’ ?

(A) R. V. Clark

(B) Mohri Bibi V. Dharmodas Ghosh

(C) Kalai Halder V. Sheikh

(D) Harvey V. Fessi

5. भारतीय संविदा विधि लागू हुई :

(A) 10 दिसम्बर 1880

(B) 11 जनवरी 1872

(C) 1 अक्टूबर 1872

(D) 1 सितम्बर 1872

6. करार को परिभाषित किया गया है धारा :

(A) धारा 2 (ग)

(B) धारा 2 (ज)

(C) धारा 2 (क)

(D) धारा 2 (ङ)

7. भारतीय संविदा विधि 1872 में कितने अध्याय हैं ?

(A) 11 अध्याय

(B) 12 अध्याय

(C) 13 अध्याय

(D) 21 अध्याय

8. निम्नलिखित में से कौन सा वाद 'प्रस्ताव के लिये निमन्त्रण' से सम्बन्धित है ?

(A) आर० बनाम क्लार्क

(B) मोहरी बीबी बनाम धर्मोदास घोष

(C) कलई हलदर बनाम शेख

(D) हार्वे बनाम फेसी

9. 'Voidable contract' defined under section :
   (A) Section 2 (a)
   (B) Section 2 (i)
   (C) Section 2 (c)
   (D) Section 2 (d)

10. 'Consideration' defined under section :
   (A) Section 2 (c)
   (B) Section 2 (d)
   (C) Section 2 (b)
   (D) Section 2 (a)

11. Proposal may be :
   (A) Express
   (B) Implied
   (C) Both (A) & (B)
   (D) None of the above

12. 'What agreements are contracts' mentioned under section :
   (A) Section – 9
   (B) Section – 8
   (C) Section – 2
   (D) Section – 10

9. 'शून्यकरणीय संविदा' को परिभाषित किया गया है धारा :
   (A) धारा 2 (क)
   (B) धारा 2 (झ)
   (C) धारा 2 (ग)
   (D) धारा 2 (घ)

10. 'प्रतिफल' को परिभाषित किया गया है धारा :
   (A) धारा 2 (ग)
   (B) धारा 2 (घ)
   (C) धारा 2 (ख)
   (D) धारा 2 (क)

11. प्रस्ताव हो सकता है :
   (A) अभिव्यक्त
   (B) विवक्षित
   (C) (A) एवं (B) दोनों
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

12. 'कौन से करार संविदायें हैं' दिया गया है धारा:
   (A) धारा –9
   (B) धारा –8
   (C) धारा –2
   (D) धारा –10

13. Which one of the following case is related with 'General offer' ?
   (A) Carlil V. Carbolic Smoke Ball com.
   (B) Rajlakhi Devi V. Bhoothnath Mukherjee
   (C) Both (A) & (B)
   (D) None of the above

14. Which one of the following section is related with 'Sound mind' ?
   (A) Section – 14
   (B) Section – 15
   (C) Section – 16
   (D) None of the above

15. 'Consent' defined under section :
   (A) Section – 10
   (B) Section – 12
   (C) Section – 13
   (D) None of the above

16. 'Free consent' defined under section :
   (A) Section – 14
   (B) Section – 3
   (C) Section – 13
   (D) Section – 11

13. निम्नलिखित में से कौन सा वाद ''सामान्य जनता को प्रस्ताव'' से सम्बन्धित है ?
   (A) कार्लिल बनाम कार्बोलिक स्मोक बाल कम्पनी
   (B) राजलखी देवी बनाम भूतनाथ मुखर्जी
   (C) (A) एवं (B) दोनों
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. निम्नलिखित में से कौन सी धारा 'स्वस्थ चित्त' से सम्बन्धित है ?
   (A) धारा –14
   (B) धारा –15
   (C) धारा –16
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

15. 'सहमति' को परिभाषित किया गया है धारा :
   (A) धारा – 10
   (B) धारा –12
   (C) धारा –13
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

16. 'स्वतंत्र सहमति' को परिभाषित किया गया है धारा :
   (A) धारा – 14
   (B) धारा – 3
   (C) धारा – 13
   (D) धारा – 11

17. In which case it was decided that a contract by a minor will be void ?
(A) Chinneya V. Rammeya
(B) Mohri bibi V. Dharmadas Ghosh
(C) Both (A) & (B)
(D) None of the above

17. किस वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि अवयस्क के द्वारा की गई संविदा शून्य होगी ?
(A) चिनैय्या बनाम रमैय्या
(B) मोहरी बीबी बनाम धर्मोदास घोष
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

18. 'Coercion' defined under section :
(A) Section – 51
(B) Section – 52
(C) Section – 15
(D) None of the above

18. 'प्रपीड़न' को परिभाषित किया गया है धारा :
(A) धारा –51
(B) धारा – 52
(C) धारा –15
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. Which one of the following case is related with 'Undue Influence' ?
(A) Rani Annapurniya V. Swaminathan
(B) Philips V. Bruks
(C) Both (A) & (B)
(D) None of the above

19. निम्नलिखित में से कौन सा वाद 'असम्यक असर' से सम्बन्धित है ?
(A) रानी अन्नपूर्णया बनाम स्वामीनाथन
(B) फिलिप्स बनाम ब्रुक्स
(C) (A)एवं (B)दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

20. 'Undue Influence' defined under section :
(A) Section – 75
(B) Section – 16
(C) Section – 19
(D) Section – 20

20. ''असम्यक असर'' को परिभाषित किया गया है धारा :
(A) धारा –75
(B) धारा –16
(C) धारा –19
(D) धारा – 20

21. If the consent for the contract caused by coercion the contract will be :

(A) Void

(B) Voidable

(C) Valid

(D) None of the above

21. यदि संविदा के लिये सहमति प्रपीड़न के अधीन ली जाये तो संविदा होगी :

(A) शून्य

(B) शून्यकरणीय

(C) वैध

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. If the consent caused by undue Influence the contract will be voidable mentioned under section :

(A) Section – 19(A)

(B) Section – 18

(C) Section – 17

(D) None of the above

22. यदि सहमति असम्यक असर के अधीन ली जाती है तो संविदा शून्यकरणीय होगी, दिया गया है धारा :

(A) धारा –19 (अ)

(B) धारा – 18

(C) धारा –17

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

23. 'Fraud' defined under section :

(A) Section – 10

(B) Section – 11

(C) Section – 17

(D) Section – 18

23. 'कपट' को परिभाषित किया गया है धारा :

(A) धारा –10

(B) धारा –11

(C) धारा – 17

(D) धारा –18

24. Where both parties are under mistake as to matter of fact the agreement will be :

(A) Void

(B) Voidable

(C) Valid

(D) None of the above

24. जहां करार के दोनों पक्ष तथ्य की बात संबंधी भूल में हो तो करार होगा :

(A) शून्य

(B) शून्यकरणीय

(C) वैध

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. What will be the effect of mistake of foreign law on a contract, the contract will be :
(A) Void
(B) Voidable
(C) Not Voidable
(D) None of the above

26. Contract caused by mistake of one party as to the matter of fact, the contract will be :
(A) Void
(B) Voidable
(C) Not Voidable
(D) None of the above

27. What considerations and objects are lawful and what not, mentioned under section :
(A) Section – 19
(B) Section – 20
(C) Section – 23
(D) Section – 18

28. "Agreement without consideration will be void" mentioned under section :
(A) Section – 10
(B) Section – 25
(C) Section – 28
(D) Section – 27

25. विदेशी विधि की भूल का संविदा पर क्या प्रभाव होगा, संविदा होगी :
(A) शून्य
(B) शून्यकरणीय
(C) शून्यकरणीय नहीं होगी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. एक पक्षकार की तथ्य की बात के बारे में भूल से की गई संविदा होगी :
(A) शून्य
(B) शून्यकरणीय
(C) शून्यकरणीय नहीं होगी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

27. कौन से प्रतिफल और उद्देश्य विधिपूर्ण है और कौन से नहीं, दिया गया है धारा :
(A) धारा – 19
(B) धारा –20
(C) धारा –23
(D) धारा –18

28. ''प्रतिफल के बिना किया गया करार शून्य है'' दिया गया है धारा :
(A) धारा – 10
(B) धारा –25
(C) धारा –28
(D) धारा –27

29. "It is not necessary that the consideration should be adequate", mentioned under section :

(A) Section – 6
(B) Section – 7
(C) Section – 25 explanation 3
(D) Section – 25 explanation 2

30. Agreement in restraint of marriage is :

(A) Void
(B) Voidable
(C) Valid
(D) None of the above

31. "Agreement in restraint of trade will be void", mentioned under section :

(A) Section – 25
(B) Section – 28
(C) Section – 30
(D) Section – 27

32. Which section provides that agreement in restraint of legal proceeding is void ?

(A) Section – 18
(B) Section – 11
(C) Section – 28
(D) None of the above

29. ''प्रतिफल का पर्याप्त होना आवश्यक नहीं है'', दिया गया है धारा :

(A) धारा – 6
(B) धारा – 7
(C) धारा – 25 स्पष्टीकरण 3
(D) धारा – 25 स्पष्टीकरण 2

30. विवाह अवरोधार्थ किया गया करार है :

(A) शून्य
(B) शून्यकरणीय
(C) वैध
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

31. ''व्यापार अवरोधक करार शून्य है'', दिया गया है धारा :

(A) धारा – 25
(B) धारा –28
(C) धारा –30
(D) धारा – 27

32. कौन सी धारा प्रावधानित करती है कि विधिक कार्यवाहियों के अवरोधक करार शून्य हैं ?

(A) धारा –18
(B) धारा –11
(C) धारा –28
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

33. Uncertain Agreement will be :

(A) Void

(B) Voidable

(C) Valid

(D) None of the above

33. अनिश्चित करार होंगे :

(A) शून्य

(B) शून्यकरणीय

(C) वैध

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

34. In which section It is mention that Agreement by way of wager is void ?

(A) Section – 31

(B) Section – 30

(C) Section – 17

(D) Section – 18

34. किस धारा में यह दिया गया है कि पंघम (बाजी) रीति के करार शून्य हैं ?

(A) धारा – 31

(B) धारा –30

(C) धारा – 17

(D) धारा –18

35. Which one of the following case is related to the wagering Agreements ?

(A) Gherulal Parekh V. Mahadevdas

(B) Mohribibi V. Dharmosdas Ghosh

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

35. निम्नलिखित में से कौन सा वाद पद्यम रीति के करार से सम्बन्धित है ?

(A) घेरूलाल पारेख बनाम महादेवदास

(B) मोहरीबीबी बनाम धर्मोदास घोष

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

36. 'Contingent contract' defined under section :

(A) Section – 30

(B) Section – 31

(C) Section – 29

(D) Section – 11

36. 'समाश्रित संविदा' को परिभाषित किया गया हैः

(A) धारा – 30

(B) धारा – 31

(C) धारा –29

(D) धारा –11

37. Which one of the following provision of the contract act provides that agreements contingent on impossible event are void ?

(A) Section – 31

(B) Section – 32

(C) Section – 36

(D) None of the above

37. संविदा अधिनियम का कौनसा प्रावधान प्रावधानित करता है कि असम्भव घटनाओं पर समाश्रित करार शून्य है ?

(A) धारा –31

(B) धारा – 32

(C) धारा –36

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

38. Which section is related with the anticipatory breach of contract ?

(A) Section – 32

(B) Section – 34

(C) Section – 35

(D) Section – 39

38. संविदा के पूर्वकालिक भंग से कौन सी धारा सम्बन्धित है ?

(A) धारा –32

(B) धारा –34

(C) धारा – 35

(D) धारा –39

39. Which one of the following case is related with the anticipatory breach of contract ?

(A) Hochestor V. De-la-tour

(B) Nesh V. Inman

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

39. निम्नलिखित में से कौन सा वाद संविदा के पूर्व–कालिक भंग से संबंधित है ?

(A) होचेस्टर बनाम डी लाटूर

(B) नेश बनाम इनमेन

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

40. Which one of the following case is related with "Standard form contract" ?

(A) Oley V. Malvaro & Com.

(B) Lalman Shukla V. Goridutt

(C) R. V. Clark

(D) None of the above

40. निम्नलिखित में से कौन सा वाद ''मानक रूपी संविदा'' से सम्बन्धित है ?

(A) ओले बनाम मालबरो एण्ड कम्पनी

(B) लालमन शुक्ल बनाम गौरीदत्त

(C) आर० बनाम क्लार्क

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

41. "Privity of contract" means :

(A) Stranger to contract can not sue

(B) Stranger to a contract can sue

(C) Stranger can be a party of the suit

(D) None of the above

41. ''संविदा संसर्ग (संबंध)'' का तात्पर्य है :

(A) संविदा से अपरिचित व्यक्ति संविदा के लिये दावा नहीं कर सकता

(B) संविदा से अपरिचित व्यक्ति संविदा के लिये दावा कर सकता है

(C) संविदा से अपरिचित व्यक्ति संविदा में पक्षकार हो सकता है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

42. Which one of the following is the exception of "Privity of contract"?

(A) Time barred debt

(B) Trust or charge

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

42. निम्नलिखित में से कौन सा एक ''संविदा संसर्ग'' के सिद्धान्त का अपवाद है ?

(A) अवधि बाधित ऋण

(B) न्यास अथवा भार

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

43. In which case the Doctrine of Privity of contract was propounded?

(A) Twidal V. Atkinson

(B) Pavel V. Lee

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

43. किस वाद में ''संविदा संसर्ग'' का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया ?

(A) ट्वीडल बनाम एटकिन्सन

(B) पॉवेल बनाम ली

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

44. Which section mentioned that acceptance should be absolute and unqualified ?

(A) Section – 14

(B) Section – 20

(C) Section – 7

(D) Section – 11

44. कौन सी धारा यह प्रावधान करती है कि स्वीकृति आत्यन्तिक एवं अविशेषित होना चाहिये ?

(A) धारा –14

(B) धारा –20

(C) धारा –7

(D) धारा –11

45. Agreement to do an impossible act will be :

(A) Void

(B) Voidable

(C) Valid

(D) None of the above

45. असंभव कार्य को करने के लिये किया गया करार होगा :

(A) शून्य

(B) शून्यकरणीय

(C) वैध

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

46. "Doctrine of Frustration"is related with section :

(A) Section – 36

(B) Section – 50

(C) Section – 56

(D) Section – 51

46. ''संविदा नैराश्य का सिद्धान्त'' सम्बन्धित है :

(A) धारा –36

(B) धारा – 50

(C) धारा – 56

(D) धारा –51

47. Which one of the following case is related with "Doctrine of Frustration" ?

(A) Derry V. Peek

(B) Krel V. Henery

(C) R. V. Clark

(D) None of the above

47. निम्नलिखित में से कौन सा वाद "संविदा नैराश्य" के सिद्धान्त से सम्बन्धित है ?

(A) डेरी बनाम पीक

(B) क्रेल बनाम हेनरी

(C) आर० बनाम क्लार्क

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. Which case is related to equitable doctrine of restitution ?

(A) Chinneya V. Rammeya

(B) Leslie Ltd. V. Sheill

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

48. कौन सा वाद साम्यिक प्रतिस्थापन के सिद्धान्त से सम्बन्धित है ?

(A) चिनैय्या बनाम रमैय्या

(B) लेशली लि० बनाम शील

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

49. Derry V. Peek case is related with:

(A) Coercion

(B) Undue Influence

(C) Fraud

(D) None of the above

49. डेरी बनाम पीक का वाद सम्बन्धित है :

(A) प्रपीड़न

(B) असम्यक असर

(C) कपट

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

50. Which one of the following section is related with Novation of the contract ?

(A) Section – 62

(B) Section – 55

(C) Section – 61

(D) Section – 60

50. निम्नलिखित में से कौन सी धारा संविदा के नवीनयन के सिद्धान्त से सम्बन्धित है ?

(A) धारा –62

(B) धारा – 55

(C) धारा – 61

(D) धारा –60

51. Who give the theory of quasi contract ?

(A) Anson
(B) Black Stone
(C) Salmond
(D) Mansfield

51. संविदा कल्प का सिद्धान्त किसने दिया ?

(A) ऐन्सन
(B) ब्लैक स्टोन
(C) सामण्ड
(D) मैन्सफील्ड

52. Provisions related to the quasi – contract given under section :

(A) Section – 25 to 30
(B) Section – 55 to 56
(C) Section – 68 to 72
(D) None of the above

52. संविदा कल्प से सम्बन्धित प्रावधान दिये गये हैं:

(A) धारा – 25 से 30
(B) धारा –55 से 56
(C) धारा – 68 से 72
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

53. Case law related to the Privity of consideration is :

(A) Clay V. Yets
(B) Plink V. Colborn
(C) Both (A) & (B)
(D) Chinneya V. Rammeya

53. संविदा प्रतिफल के संबंध के सिद्धान्त से सम्बन्धित वाद है :

(A) क्ले बनाम ऐट्स
(B) प्लिंक बनाम कोलबर्न
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) चिनैय्या बनाम रमैय्या

54. Which one of the following section is related to the Responsibility of finder of goods ?

(A) Section – 74
(B) Section – 75
(C) Section – 70
(D) Section – 71

54. निम्नलिखित में से कौन सी धारा "माल पड़ा पाने वाले के उत्तरदायित्व से सम्बन्धित है ?

(A) धारा –74
(B) धारा –75
(C) धारा –70
(D) धारा – 71

55. If a person who finds goods belonging to another and he takes them into his custody, he will be treated as :

(A) Bailee

(B) Bailor

(C) Indemnity holder

(D) None of the above

55. यदि किसी व्यक्ति को किसी अन्य व्यक्ति का माल पड़ा मिलता है और वह उसे अपनी अभिरक्षा में ले लेता है वह व्यक्ति उस स्थिति में माना जायेगा :

(A) उपनिहिती

(B) उपनिधाता

(C) क्षतिपूर्ति धारक

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

56. Which section deals with the obligation of person enjoying benefit of non – gratuitous act ?

(A) Section – 69

(B) Section – 71

(C) Section – 70

(D) None of the above

56. कौन सी धारा आनुग्रहिक कार्य का फायदा उठाने वाले व्यक्ति की बाध्यता से सम्बन्धित है?

(A) धारा – 69

(B) धारा – 71

(C) धारा –70

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. Which one of the following case is related with ascertainment of the damages ?

(A) Hovel V. Koopland

(B) Pavel V. Lee

(C) Hedley V. Bexandle

(D) None of the above

57. निम्नलिखित में से कौन सा वाद क्षतिपूर्ति के निर्धारण से सम्बन्धित है ?

(A) हॉवेल बनाम कूपलैण्ड

(B) पॉवेल बनाम ली

(C) हेडले बनाम बैक्सेन्डेल

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. Which section is related with unliquidated damages ?

(A) Section – 55

(B) Section – 65

(C) Section – 70

(D) Section – 73

58. कौन सी धारा अनिर्धारित क्षतिपूर्ति से सम्बन्धित है ?

(A) धारा –55

(B) धारा –65

(C) धारा –70

(D) धारा –73

59. Which section is related with Doctrine of "Remoteness of damages" ?

(A) Section – 69

(B) Section – 68

(C) Section – 70

(D) Section – 73

59. कौन सी धारा "क्षति की दूरस्थता के सिद्धान्त से सम्बन्धित है ?

(A) धारा –69

(B) धारा – 68

(C) धारा – 70

(D) धारा – 73

60. Which one of the following section is related with liquidated damages ?

(A) Section – 74

(B) Section – 56

(C) Section – 36

(D) Section – 25

60. निम्नलिखित में से कौन सी एक धारा निर्धारित क्षतिपूर्ति से सम्बन्धित है ?

(A) धारा –74

(B) धारा –56

(C) धारा –36

(D) धारा –25

61. Which one of the following section is related with communication, acceptance and revocation of proposals ?

(A) Section – 1

(B) Section – 2

(C) Section – 3

(D) None of the above

61. निम्नलिखित में से कौन सी एक धारा प्रस्थापनाओं की संसूचना, प्रतिग्रहण और प्रतिसंहरण से सम्बन्धित है ?

(A) धारा –1

(B) धारा –2

(C) धारा – 3

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

62. Communication of proposal is complete :

(A) When it becomes to the knowledge of the person to whom it is made

(B) When put in a course of transmission to the acceptor

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

62. प्रस्थापना (प्रस्ताव) की संसूचना पूर्ण हो जाती है :

(A) जब वह प्रस्थापना उस व्यक्ति के ज्ञान में आ जाती है जिससे वह की गई है

(B) जब वह प्रतिग्रहीता के लिए पारेषित कर दी जाये।

(C) (A)एवं (B)दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

63. Proposal may be revoked :

(A) By communication of notice

(B) by failure of the acceptor to fulfill a condition Precedent to acceptance

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

63. प्रस्ताव (प्रस्थापना) का खण्डन किया जा सकता है :

(A) सूचना के संसूचित किये जाने से

(B) प्रतिग्रहण किसी पुरोभाव्य शर्त को पूरा करने में प्रतिग्रहीता की असफलता से

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

64. Which section is related to the mode of revocation of the proposal?

(A) Section – 10

(B) Section – 11

(C) Section – 15

(D) Section – 6

64. कौन सी धारा प्रस्ताव के खण्डन के तरीकों से सम्बन्धित है ?

(A) धारा –10

(B) धारा – 11

(C) धारा – 15

(D) धारा – 6

65. Void Agreement defined under section :

(A) Section – 2 (b)

(B) Section – 2 (c)

(C) Section – 2 (g)

(D) None of the above

65. शून्य करार को परिभाषित किया गया है :

(A) धारा – 2 (ख)

(B) धारा – 2 (ग)

(C) धारा –2 (छ)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

66. A proposal made to the Public is called :

(A) General proposal (offer)

(B) Specific proposal

(C) Void proposal

(D) None of the above

66. जनता को किया गया प्रस्ताव कहलाता है :

(A) सामान्य प्रस्ताव

(B) विशेष प्रस्ताव

(C) शून्य प्रस्ताव

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

67. Consideration means :

(A) Must have some value in the eye of law

(B) Must be real

(C) Must not be illusory

(D) All are correct

67. प्रतिफल से तात्पर्य है :

(A) विधि की दृष्टि में मूल्यवान होना चाहिये

(B) वास्तविक होना चाहिये

(C) भ्रामक नहीं होना चाहिये

(D) उपरोक्त सभी सही हैं

68. Under Indian contract act consideration :

(A) May proceed from any other person

(B) May proceed from the promise

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

68. भारतीय संविदा विधि के अंतर्गत प्रतिफल दिया जा सकता है :

(A) किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा

(B) वचनग्रहीता के द्वारा

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. Which one of the following is correct ?

(A) Consideration may be past, Present or Future

(B) Past consideration is no consideration

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

69. निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) प्रतिफल भूतकालीन, वर्तमान, भविष्यकालीन हो सकता है

(B) भूतकालीन प्रतिफल, प्रतिफल नहीं होता

(C) (A) एवं (B)दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

70. For the formation of the contract which is not a essential ?

(A) Proposal

(B) Acceptance

(C) Consideration

(D) Damages

70. संविदा के निर्माण के लिये कौन सा एक आवश्यक तत्व नहीं है ?

(A) प्रस्ताव

(B) स्वीकृति

(C) प्रतिफल

(D) क्षतिपूर्ति

71. Which one of the following is not a essential of section 10 of contract act ?

(A) Competent Parties

(B) Free consent

(C) Lawful consideration & object

(D) He should be Indian

71. भारतीय संविदा विधि की धारा 10 के लिये निम्नलिखित में से कौन सा आवश्यक तत्व नहीं है ?

(A) सक्षम पक्षकार

(B) स्वतन्त्र सहमति

(C) विधिपूर्ण प्रतिफल एवं उद्देश्य

(D) वह भारतीय हो

72. Exceptions of 'Doctrine of Privity of contract' do not include :

(A) Marriage Settlement

(B) Estoppel

(C) Equitable Mortgage

(D) Beneficiary under charge

72. संविदा संसर्ग के सिद्धान्त के अपवादों में शामिल नहीं है :

(A) वैवाहिक समझौता

(B) विबंध

(C) साम्यिक बंधक

(D) भार के अन्तर्गत हिताधिकारी

73. A contracts to Pay B Rs. 10000 if B's house is burnt. This contract is:

(A) Contingent contract

(B) Standard form contract

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

73. 'क' संविदा करता है 'ख' से कि यदि ख का घर जल जाये तो वह ख को 10000 रू० देगा। यह संविदा है :

(A) समाश्रित संविदा

(B) मानकरूपी संविदा

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

74. Who is not competent to contract ?

(A) Sound mind

(B) Major

(C) Unsound mind

(D) None of the above

74. कौन संविदा करने के लिये सक्षम नहीं है ?

(A) स्वस्थचित्त

(B) वयस्क

(C) अस्वस्थचित्त

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. 'A' Agrees to pay 'B' 1000 rupees if two straight lines should enclose a space. The agreement is :

(A) Void

(B) Voidable

(C) Valid

(D) None of the above

75. 'क' करार करता है कि यदि दो सरल रेखायें किसी स्थान को घेर लें तो वह 'ख' को 1000 रू० देगा। करार :

(A) शून्य है

(B) शून्यकरणीय है

(C) वैध है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

76. 'A' Agrees with 'B' to discover treasure by magic. The Agreement is :

(A) Void

(B) Voidable

(C) Valid

(D) None of the above

76. 'क' जादू से गुप्तनिधि का पता चलाने का करार 'ख' से करता है। यह करार :

(A) शून्य है

(B) शून्यकरणीय है

(C) वैध है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

77. 'A' Agrees to sell to 'B' a hundred tons of oil. The Agreement is :

(A) Voidable

(B) Void

(C) Valid

(D) None of the above

77. 'क' एक सौ टन तेल बेचने का करार 'ख' से करता है। करार :

(A) शून्यकरणीय है

(B) शून्य है

(C) वैध है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

78. On attaining the age of majority, the minor's agreement :

(A) Becomes Void

(B) Cannot be ratified

(C) Can be ratified

(D) Becomes automatically Valid

78. वयस्कता प्राप्त करने पर अवयस्क का करार :

(A) शून्य हो जाता है

(B) अनुसमर्थन नहीं किया जा सकता है

(C) अनुसमर्थन किया जा सकता है

(D) स्वतः वैध हो जाता है

79. Which section provides that Agreement will be void if the considerations and objects unlawful in part ?

(A) Section – 17

(B) Section – 18

(C) Section – 19

(D) Section – 24

79. कौन सी धारा यह प्रावधान करती है कि यदि प्रतिफल और उद्देश्य भागतः विधि विरूद्ध हो तो करार शून्य होंगें ?

(A) धारा –17

(B) धारा –18

(C) धारा –19

(D) धारा –24

80. In which year Specific Relief Act passed ?

(A) 1965

(B) 1966

(C) 1976

(D) 1963

80. किस वर्ष में विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम पारित किया गया ?

(A) 1965

(B) 1966

(C) 1976

(D) 1963

81. How many chapters are in Specific Relief Act ?

(A) 10 Chapter

(B) 11 Chapter

(C) 8 Chapter

(D) 14 Chapter

81. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम में कितने अध्याय हैं ?

(A) 10 अध्याय

(B) 11 अध्याय

(C) 8 अध्याय

(D) 14 अध्याय

82. How many sections are in specific relief act ?

(A) 44

(B) 46

(C) 48

(D) 42

82. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम में कुल कितनी धारायें है ?

(A) 44

(B) 46

(C) 48

(D) 42

83. Specific relief act came into force :

(A) 11th March 1964

(B) 2nd March 1964

(C) 1st March 1963

(D) None of the above

83. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम लागू हुआ :

(A) 11 मार्च 1964

(B) 2 मार्च 1964

(C) 1 मार्च 1963

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

84. Which one of the following section is related with the recovery of specific immovable property ?

(A) Section – 6

(B) Section – 3

(C) Section – 5

(D) None of the above

84. निम्नलिखित में से कौन सी धारा विनिर्दिष्ट स्थावर सम्पत्ति के प्रत्युद्धकरण से सम्बन्धित है?

(A) धारा – 6

(B) धारा –3

(C) धारा –5

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

85. Which one of the following section is related with the recovery of specific movable property ?
(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 7

85. निम्नलिखित में से कौन सी धारा विनिर्दिष्ट चल सम्पत्ति के प्रत्युद्धकरण से सम्बन्धित है ?
(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 7

86. Under which section of Specific Relief Act any person can file a suit if he is dispossessed without his consent from his immovable property ?
(A) 5
(B) 6
(C) 7
(D) 8

86. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की किस धारा के अंतर्गत कोई व्यक्ति वाद ला सकता है यदि उसको उसकी सहमति के बिना अचल सम्पत्ति से बेकब्जा कर दिया जाता है ?
(A) 5
(B) 6
(C) 7
(D) 8

87. Which section of the Specific Relief Act provides provision for specific performance of the contract ?
(A) 8
(B) 9
(C) 10
(D) 11

87. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की कौन सी धारा संविदा के विशिष्ट पालन के लिये प्रावधान करती है ?
(A) 8
(B) 9
(C) 10
(D) 11

88. Contracts not specifically enforceable mentioned under section :

(A) 12

(B) 13

(C) 14

(D) 15

88. ऐसी संविदायें जिनका विशिष्ट पालन नहीं कराया जा सकता दी गई है धारा :

(A) 12

(B) 13

(C) 14

(D) 15

89. Which of one of the following section is related with declaratory Decree ?

(A) 10

(B) 11

(C) 12

(D) 34

89. निम्नलिखित में से कौन सी धारा घोषणात्मक आज्ञप्ति (डिक्री) से सम्बन्धित है ?

(A) 10

(B) 11

(C) 12

(D) 34

90. Which chapter of the Specific Relief Act is related with the Injunctions ?

(A) Chapter 7

(B) Chapter 11

(C) Chapter 9

(D) Chapter 10

90. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम का कौन सा अध्याय व्यादेश से सम्बन्धित है ?

(A) अध्याय 7

(B) अध्याय 11

(C) अध्याय 9

(D) अध्याय 10

91. What are the types of Injunctions ?

(A) Two

(B) Three

(C) Four

(D) Five

91. व्यादेश कितने प्रकार के होते है ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

92. Which section of specific relief act is related to the mandatory Injunction ?

(A) 37

(B) 38

(C) 39

(D) 40

92. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की कौन सी धारा आज्ञापक व्यादेश से सम्बन्धित है ?

(A) 37

(B) 38

(C) 39

(D) 40

93. Which one of the following section of specific relief act provides condition for granting perpetual Injunction ?

(A) 30

(B) 31

(C) 32

(D) 38

93. निम्नलिखित में से विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की कौन सी धारा शाश्वत व्यादेश प्रदान करने की परिस्थितियां बताती है ?

(A) 30

(B) 31

(C) 32

(D) 38

94. Which section of specific relief act provides that Injunction can be refused ?

(A) 37

(B) 38

(C) 39

(D) 41

94. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की कौन सी धारा यह प्रावधान करती है कि व्यादेश नामंजूर किया जा सकता है ?

(A) 37

(B) 38

(C) 39

(D) 41

95. If any person dispossessed from his immovable property without his consent. What is the time limitation to file a suit for the recovery of possession under Specific relief Act ?

(A) 6 Month

(B) 7 Month

(C) 5 Month

(D) 2 Month

96. What is the Act no. of Specific Relief Act 1963 ?

(A) Act No. – 47

(B) Act No. – 50

(C) Act No. – 51

(D) Act No. – 52

97. What is the Act No. of Indian contract Act 1872 ?

(A) Act No. – 1

(B) Act No. – 9

(C) Act No. – 2

(D) Act No. – 3

95. यदि किसी व्यक्ति को बिना उसकी सहमति के उसकी अचल सम्पत्ति से बेकब्जा कर दिया जाता है तो वह कितने समय के भीतर विशिष्ट अनुतोष अधिनियम के अंतर्गत कब्जे को वापस लाने के लिये वाद ला सकता है ?

(A) 6 माह

(B) 7 माह

(C) 5 माह

(D) 2 माह

96. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम 1963 का अधिनियम संख्या क्या है ?

(A) अधिनियम सं० – 47

(B) अधिनियम सं० –50

(C) अधिनियम सं० –51

(D) अधिनियम सं० –52

97. भारतीय संविदा अधिनियम 1872 का अधिनियम संख्या क्या है ?

(A) अधिनियम सं० –1

(B) अधिनियम सं० –9

(C) अधिनियम सं० –2

(D) अधिनियम सं० –3

98. Indian Contract Act enacted :

(A) 16 December 1872

(B) 24 April 1872

(C) 25 April 1872

(D) None of the above

98. भारतीय संविदा विधि अधिनियमित हुई :

(A) 16 दिसंबर 1872

(B) 24 अप्रैल 1872

(C) 25 अप्रैल 1872

(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

99. Indian contract Act 1872 extends to :

(A) All over India

(B) All over India except J & K

(C) Only in Union Territories

(D) None of the above

99. भारतीय संविदा विधि का विस्तार है :

(A) सम्पूर्ण भारत पर

(B) जम्मू और कश्मीर के सिवाय समस्त भारत पर

(C) केवल संघ राज्य क्षेत्रों पर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

100. What is object of the Indian Contract Act ?

(A) To define and amend the law of contracts

(B) To define, amend and to consolidate the law of contracts

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

100. भारतीय संविदा विधि का क्या उद्देश्य है ?

(A) संविदा से सम्बन्धित विधि को परिभाषित एवं संशोधित करना

(B) संविदा से सम्बन्धित विधि को परिभाषित, संशोधित एवं समेकित करना

(C) (A)एवं (B)दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**Rough Work / रफ कार्य**

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET)** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.